# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या :............................................/सम्बद्धता अनु./2019

दिनांक :. ............................................................

**शीर्ष प्राथमिकता**

### कार्यालय–ज्ञाप

सेवा में,

प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या,
लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त समस्त महाविद्यालय
(राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित),
लखनऊ।

**विषय : मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा के अन्तर्गत) जारी पोर्टल "http://nherc.in" पर फैकल्टी से सम्बन्धित डाटा उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक शिक्षा निदेशक (उ0शि0), शिक्षा डिग्री प्लान अनुभाग, उ0प्र0, प्रयागराज के पत्र संख्या : 190/2019–20, दिनांक 20.06.2019 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा महाविद्यालय के शिक्षकों का सम्पूर्ण विवरण (डाटा) **राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा के अन्तर्गत) जारी पोर्टल "http://nherc.in" पर** अपलोड करने एवं उसकी सूचना निदेशालय के ई–मेल–"nhercdheup@gmail.com" पर दिनांक 27.06.2019 तक उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गई है।

अतः उक्त पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए आपसे अपेक्षा की जाती है कि निर्देशानुसार महाविद्यालय के शिक्षकों का सम्पूर्ण विवरण (डाटा) राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा के अन्तर्गत) जारी पोर्टल "http://nherc.in" पर अपलोड करने एवं उसकी सूचना निदेशालय के ई–मेल–"nhercdheup@gmail.com" पर दिनांक 27.06.2019 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।

(एस0के0 शुक्ल)
कुलसचिव

संख्या : Af/11923–26 दिनांक : 21/06/19

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. शिक्षा निदेशक (उ0शि0), शिक्षा डिग्री प्लान अनुभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सेक्टर–एम, आशियाना, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को अपने स्तर से भी निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने का कष्ट करें।
5. गार्ड फाईल।

(एस0के0 शुक्ल)
कुल सचिव

प्रेषक,

शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
शिक्षा डिग्री प्लान अनुभाग,
उ0प्र0, प्रयागराज।

सेवा में,

1. प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त राजकीय महाविद्यालय
उत्तर प्रदेश।

2.कुलसचिव
समस्त राज्य विश्वविद्यालय
उत्तर प्रदेश।

3. प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त अनुदानित अशासकीय महाविद्यालय
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक : डिग्री विकास/ 190 /2019–20 दिनांक : 20.06. 2019

**विषय– मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा के अन्तर्गत) जारी पोर्टल http://nherc.in पर फैकल्टी से संबन्धित डाटा उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपयुर्क्त विषयक शासन के पत्र संख्या भा0स010/सत्तर–1–2019–16 (31)/2019 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा उत्तर प्रदेश के समस्त राज्य विश्वविद्यालयों/निर्जी क्षेत्र के विश्वविद्यालयों तथा राज्य विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध समस्त राजकीय स्नातक/स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों तथा स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों सहित समस्त उच्च शिक्षण संस्थाओं से यह अपेक्षित है कि फैकल्टी से संबन्धित वांछित डाटा निर्धारित तिथि 30 जून, 2019 तक मानव संसाधन विकास मंत्रालय के पोर्टल **http://nherc.in** पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। उक्त के संबंध में किसी प्रकार की जिज्ञासा तथा कठिनाई निवारण हेतु श्री संजय दिवाकर, उपनिदेशक रूसा के दूरभाष नं0– 9839330189 पर संपर्क करें।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि उक्त पोर्टल पर फैकल्टी से संबन्धित वांछित डाटा अविलम्ब अपलोड करते हुए उसकी सूचना निदेशालय के ईमेल आईडी– nhercdheup@gmail.com पर दिनांक 27.06.2019 प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराने का कष्ट करें। प्रकरण अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध है। अतः आपका व्यक्तिगत ध्यान अपेक्षित है।

भवदीया,

डा0 (प्रीति गौतम)
शिक्षा निदेशक (उ0शि0)
उ0प्र0प्रयागराज

पृष्ठांकन डिग्री विकास/ /2019–20 तददिनांक।

1.प्रतिलिपि समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित की अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले समस्त विश्वविद्यालयों, राजकीय महाविद्यालयों, अशासकीय अनुदानित महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालय से संबंधित स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों द्वारा उक्त पोर्टल पर वांछित डाटा अपलोड सुनिश्चित करें।

2. श्री संजय दिवाकर उप निदेशक रूसा को इस निर्देश के साथ कि अपलोड संबंधी सूचना की प्रतिदिन की प्रगति से अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायें।

3. डॉ0 हर्षवर्धन मिश्र एवं डॉ0 इंदु प्रकाश सिंह, समन्वयक, उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय परीक्षा उच्च शिक्षा निदेशालय उत्तर प्रदेश प्रयागराज को इस निर्देश के साथ कि, सूचनाओं के अपलोड एवं संकलन के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायें।

डा0 (प्रीति गौतम)
शिक्षा निदेशक (उ0शि0)
उ0प्र0, प्रयागराज